प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

11.02.2025 / प्रादेशिक समाचार / 18.00बजे

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि पिछले एक दशक में भारत 10वें स्थान से बढ़कर 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। प्रधानमंत्री ने आज भारत ऊर्जा सप्ताह 2025 का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा कि भारत की सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता पिछले दस वर्षों में बत्तीस गुना बढ़ गई है, जिससे यह दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा सौर ऊर्जा उत्पादक देश बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत की गैर–जीवाश्म ईंधन ऊर्जा क्षमता तीन गुना बढ़ी है और भारत पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने वाला पहला जी–20 देश है।

प्रधानमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि भारत न केवल अपनी बल्कि दुनिया की प्रगति में भी योगदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि देश का ऊर्जा क्षेत्र इस उपलब्धि को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज भारत का जैव ईंधन उद्योग तेजी से बढ़ने के लिए तैयार है।

मुकेश अग्निहोत्री

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने ऊना ज़िले के हरोली विधानसभा क्षेत्र में निर्माणाधीन परियोजनाओं को इस वर्ष 31 मार्च तक पूरा करने के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। वे आज हरोली में विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि हरोली में करीब 5 करोड़ रूपये की लागत से पुल का निर्माण किया जा रहा है जिससे बरसात के दौरान स्थानीय लोगों और वाहनों की आवाजाही सुगम होगी।

चंद्र कुमार

कृषि व पशुपालन मंत्री चंद्र कुमार ने कहा है कि प्रदेश सरकार ने राज्य के किसानों से एक करोड़ 40 लाख रुपये की मक्की की खरीद की है। शिमला में आज पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि किसानों से 30 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से मक्की खरीदी जा रही है, जबकि उपभोक्ताओं को 40 से 50 रुपये प्रतिकिलो के हिसाब से मक्की का आटा बेचा जा रहा है। चंद्र कुमार ने कहा कि राज्य सरकार ने किसानों से अभी तक डेढ़ करोड़ रुपये के गोबर की खरीद भी की है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी की हार पर पूछे गए एक सवाल पर चंद्र कुमार ने कहा कि कांग्रेस ने दिल्ली में चुनाव गंभीरता से नहीं लड़ा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में संगठन को ज़मीनी स्तर पर मज़बूत करने की आवश्यकता है जिसे हाई कमान को गंभीरता से लेना चाहिए।

अनुराग ठाकुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर ने हिमाचल प्रदेश में बढ़ रहे चिट्टे के मामलों पर चिंता जताई है। एक बयान में उन्होंने कहा कि प्रदेश में चिट्टा युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है और वर्तमान प्रदेश सरकार इस मामले पर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि हाल ही में एसटीएफ द्वारा प्रदेश के कई ज़िलों में की गई जांच में ये बात सामने आ रही है कि चिट्टा तस्करी करने वालों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि सुक्खू सरकार नशा माफिया के खिलाफ कार्रवाई करने में गम्भीर नजर नहीं आ रही है।

इंदू गोस्वामी

हिमाचल प्रदेश में प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के तहत 17 सितम्बर 2023 से अब तक एक लाख 82 हजार 6 सौ 93 कारीगरों व शिल्पकारों के आवेदन पत्र प्राप्त हुए जबकि योजना के अंतर्गत इस दौरान 19 हजार 3 सौ 5 कारीगरों व शिल्पकारों का पंजीकरण किया गया। राज्यसभा में सांसद इंदू गोस्वामी के एक सवाल के जवाब में केंद्रीय सूक्ष्म, लघु व मध्यम उद्यम राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे ने ये जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत देशभर में सितम्बर 2023 से 4 फरवरी 2025 तक दो करोड़ 65 लाख आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं। शोभा करंदलाजे ने बताया कि योजना के तहत हाथ और औजारों से 18 ट्रेड में काम करने वाले कारीगरों को मदद प्रदान की जाती है।